न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्डाधिकारी, नोहर जिला हनुमानगढ

पीठासीन अधिकारी का नाम : राहुल श्रीवास्तव (आई0ए0एस0)

प्रकरण संख्या – 301/2026

अनवान : –

1. शिव भगवान पुत्र बेगराज जाति जाट निवासी टीडियासर तहसील नोहर जिला हनुमानगढ़।

– वादी

बनाम्

1. बेगाराम उर्फ बेगराज पुत्र लिखमाराम जाति जाट निवासी टीडियासर तहसील नोहर जिला हनुमानगढ़।
2. मांगीलाल पुत्र बेगराज जाति जाट निवासी टीडियासर तहसील नोहर जिला हनुमानगढ़।
3. गिरदावरी देवी पुत्री बेगराज जाति जाट निवासी टीडियासर तहसील नोहर जिला हनुमानगढ़।
4. रोशनी देवी पुत्री बेगराज जाति जाट निवासी टीडियासर तहसील नोहर जिला हनुमानगढ़।
5. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार (राजस्व) नोहर।।

– प्रतिवादीगण

दावा बाबत अन्तर्गत धारा 88–89 ,राजस्थान काश्त0 अधि0 1955

उपस्थिति :– श्री नरेन्द्र किशोर जोशी अधिवक्ता **वादी**

पेरोकार राज

निर्णय दिनांकः 25/05/26

संक्षेप में तथ्य इस प्रकार से है कि वादी ने जरिये अधिवक्ता यह वाद अन्तर्गत धारा 88 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 के तहत इस आशय का पेश किया है कि रोही मौजा टीडियासर तहसील नोहर के जमाबन्दी सम्वत 2077–2080 के खाता संख्या 123/121 के खसरा नं. 344/225 की कुल 5.6400 है० व रोही मौजा बालासर तहसील नोहर के जमाबंदी सम्वत 2070–2073 के खाता संख्या 152/126 के खसरा नं. 465/326 की कुल तादादी 0.7590 है० भूमि व खाता संख्या 154/129 के खसरा नं. 375/316 व 380/326 की कुल तादादी 4.2230 है० भूमि प्रतिवादी संख्या 1 के नाम दर्ज राजस्व रिकार्ड है।

उपरोक्त भूमि वादी की दादालाई खातेदारी कृषि भूमि है जिसमें वादी का जन्मजात हक हिस्सा है। कर्ता हिन्दु खानदान होने के कारण से प्रतिवादी संख्या 1 के अकेले के नाम दर्ज हो गई उपरोक्त भूमि में वादी व प्रतिवादी संख्या 2 ता 4 का प्रतिवादी संख्या 1 के साथ ब० हि० ब० हक हिस्सा है। प्रतिवादीया संख्या 3 व 4 जो कि वादी की बहिने है उपरौक्त भूमि में कोई हक हिस्सा नहीं लेना चाहती तथा अपना जो भी हक हिस्सा है वह परिवार के मौजिज व्यक्तियों के सामने अपने पिता व भाई के पक्ष में परित्याग कर चुकी है इस प्रकार प्रतिवादीया संख्या 3 व 4 का उपरोक्त भूमि में कोई हक हिस्सा शेष नहीं बचा है बाद हक त्याग रोही मौजा टीडियासर तहसील नोहर के जमाबन्दी सम्वत 2077–2080 के खाता संख्या 123/121 के खसरा नं. 344/225 की कुल 5.6400 है० एवं रोही मौजा बालासर तहसील नोहर के जमाबंदी सम्वत

Rahul
उपखण्ड अधिकारी
नोहर

2070–2073 के खाता संख्या 152/126 के खसरा नं. 465/326 की कुल तादादी 0.7590 है० भूमि में वादी व प्रतिवादी संख्या 2 ब० हि० ब० काबिज है व रोही मौजा बालासर के खाता संख्या 154/129 के खसरा नं. 375/316 व 380/326 की कुल तादादी 4.2230 है० भूमि में प्रतिवादी संख्या 1 यथावत काबिज है। वादी जिसकी न्यायालय से घोषणा करवाकर राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा पाने का अधिकारी है। यही विनाय दावा है।

वादी ने प्रतिवादीगण को कई दफा कहा कि वादी के हक व हिस्सा की भूमि को उनके नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा देवे तो कुछ दिन तक आजकल आजकल करते रहे किन्तु अन्त में इन्कार हो गये इसलिए यह वाद पेश किया गया है।

अतः वादी का वाद डिक्री किया जाकर घोषणा की जावें की वादी के हक हिस्सा की भूमि है जिसे अपने बाहमी बंटवारे के अनुसार राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा पाने के अधिकारी है। वादी का वाद डिक्री फरमाया जावें।

वाद पेश होने पर दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादीगण को जरिये सम्मन तलब किया गया। सम्मन तामील होने के बाद प्रतिवादी सं0 1 लगायत 4 ने जरिये अधिवक्ता वादी के वाद को स्वीकार करते हुए इकबाल दावा पेश किया जाकर निवेदन किया की वाद वादी मुताबिक अनुतोष डिक्री किया जाता है तो प्रतिवादीगण संख्या 1 लगायत 4 को कोई ऐतराज नही है। प्रतिवादी संख्या 5 पेरोकार राज ने जवाब पेश किया जो की शामिल मिसल किया गया। वादी ने वाद के समर्थन में बतौर दस्तावेजी साक्ष्य नवीनतम व पुरानी जमाबंदी पेश की जो की शामिल मिसल की गई।

प्रकरण में प्रतिवादीगण का इकबाल प्रस्तुत होने के कारण तनकी की आवश्यकता नही रही साक्ष्य में वादी के द्वारा शपथ पत्र पेश किया गया जिस पर प्रतिवादीगण के द्वारा जिरह नही करने के कारण जिरह शुन्य रही तत्पश्चात उभयपक्षों की बहस सुनी गई।

बहस वकील उभयपक्षकारान सुनी गई। दौराने बहस वकील वादी ने कथन किया कि उपरोक्त भूमि वादी की दादालाई खातेदारी कृषि भूमि है जिसमें वादी का जन्मजात हक हिस्सा है। कर्ता हिन्दु खानदान होने के कारण से प्रतिवादी संख्या 1 के अकेले के नाम दर्ज हो गई उपरोक्त भूमि में वादी व प्रतिवादी संख्या 2 ता 4 का प्रतिवादी संख्या 1 के साथ ब० हि० ब० हक हिस्सा है। प्रतिवादीया संख्या 3 व 4 जो कि वादी की बहिने है उपरौक्त भूमि में कोई हक हिस्सा नहीं लेना चाहती तथा अपना जो भी हक हिस्सा है वह परिवार के मौजिज व्यक्तियों के सामने अपने पिता व भाई के पक्ष में परित्याग कर चुकी है इस प्रकार प्रतिवादीया संख्या 3 व 4 का उपरोक्त भूमि में कोई हक हिस्सा शेष नहीं बचा है बाद हक त्याग रोही मौजा टीडियासर तहसील नोहर के जमाबन्दी सम्वत 2077–2080 के खाता संख्या 123/121 के खसरा नं. 344/225 की कुल 5.6400 है० एवं रोही मौजा बालासर तहसील नोहर के जमाबंदी सम्वत 2070–2073 के खाता संख्या 152/126 के खसरा नं. 465/326 की कुल तादादी 0.7590 है० भूमि में वादी व प्रतिवादी संख्या 2 ब० हि० ब० काबिज है व रोही मौजा बालासर के खाता संख्या 154/129 के खसरा नं. 375/316 व 380/326 की कुल तादादी 4.2230 है० भूमि में

उपखण्ड अधिकारी
नोहर

प्रतिवादी संख्या 1 यथावत काबिज है। प्रतिवादी स0 1 लगायत 4 द्वारा वादी के वाद को स्वीकार किया जाकर ईकबाल पेश किया जा चुका है अर्थात वादी के वाद के संबंध में कोई एतराज नही है। अतः वादी का वाद डिक्री फरमाया जावें।

पेरोकार राज ने निवेदन किया की वादी ने दादालाई/पैतृक सम्पति का वाद पेश किया है वादी के साक्ष्य सबूतों के आधार पर राज्यहकों को सुरक्षित रखते हुए वाद का निस्तारण फरमावें।

हमारे द्वारा अभिभाषकगण की बहस पर मनन किया गया। पत्रावली में प्रस्तुत दस्तावेजों का अवलोकन किया गया। वाद में प्रस्तुत रिकार्ड के अनुसार रोही मौजा टीडियासर तहसील नोहर के जमाबन्दी सम्वत 2077–2080 के खाता संख्या 123/121 के खसरा नं. 344/225 की कुल 5.6400 है० व रोही मौजा बालासर तहसील नोहर के जमाबंदी सम्वत 2070–2073 के खाता संख्या 152/126 के खसरा नं. 465/326 की कुल तादादी 0.7590 है० भूमि व खाता संख्या 154/129 के खसरा नं. 375/316 व 380/326 की कुल तादादी 4.2230 है० भूमि प्रतिवादी संख्या 1 के नाम दर्ज राजस्व रिकार्ड है। वादी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजो के मुताबिक उक्त वाद भूमि पैतृक भूमि होना साबित है वादी द्वारा पत्रावली में दर्शाये गये सजरा खानदान के अलावा प्रतिवादी स0 1 के अन्य कोई वारिस नही होना स्वीकार किया गया है वादी का कथन है कि उपरोक्त भूमि वादी की दादालाई खातेदारी कृषि भूमि है जिसमें वादी का जन्मजात हक हिस्सा है। कर्ता हिन्दु खानदान होने के कारण से प्रतिवादी संख्या 1 के अकेले के नाम दर्ज हो गई उपरोक्त भूमि में वादी व प्रतिवादी संख्या 2 ता 4 का प्रतिवादी संख्या 1 के साथ ब० हि० ब० हक हिस्सा है। प्रतिवादीया संख्या 3 व 4 जो कि वादी की बहिने है उपरौक्त भूमि में कोई हक हिस्सा नहीं लेना चाहती तथा अपना जो भी हक हिस्सा है वह परिवार के मौजिज व्यक्तियों के सामने अपने पिता व भाई के पक्ष में परित्याग कर चुकी है इस प्रकार प्रतिवादीया संख्या 3 व 4 का उपरोक्त भूमि में कोई हक हिस्सा शेष नहीं बचा है बाद हक त्याग रोही मौजा टीडियासर तहसील नोहर के जमाबन्दी सम्वत 2077–2080 के खाता संख्या 123/121 के खसरा नं. 344/225 की कुल 5.6400 है० एवं रोही मौजा बालासर तहसील नोहर के जमाबंदी सम्वत 2070–2073 के खाता संख्या 152/126 के खसरा नं. 465/326 की कुल तादादी 0.7590 है० भूमि में वादी व प्रतिवादी संख्या 2 ब० हि० ब० काबिज है व रोही मौजा बालासर के खाता संख्या 154/129 के खसरा नं. 375/316 व 380/326 की कुल तादादी 4.2230 है० भूमि में प्रतिवादी संख्या 1 यथावत काबिज है, वादी के उक्त कथनों को प्रतिवादीगण द्वारा स्वीकार करते हुए इकबाल पेश किया है कि वाद वादी मुताबिक अनुतोष डिक्री किया जाता है तो हमें कोई ऐतराज नही है अतः वाद वादी साक्ष्य सबूतों एवं प्रतिवादी स0 1 लगायत 4 की सहमति के आधार पर साबित होने के कारण मुताबिक अनुतोष स्वीकार योग्य है।

अतः वाद वादी साक्ष्य सबूतों तथा प्रतिवादीगण की सहमति के आधार पर साबित होने के कारण वाद वादी मुताबिक अनुतोष डिक्री किया जाता है तथा घोषणा की जाती है कि रोही मौजा टीडियासर तहसील नोहर के जमाबन्दी सम्वत 2077–2080 के खाता संख्या

उपखण्ड अधिकारी
नोहर

123/121 के खसरा नं. 344/225 की कुल 5.6400 है० भूमि एवं रोही मौजा बालासर तहसील नोहर के जमाबंदी सम्वत 2070–2073 के खाता संख्या 152/126 के खसरा नं. 465/326 की कुल तादादी 0.7590 है० भूमि उपरोक्त दोनो खातो की भूमि में प्रतिवादी संख्या 1 का नाम कलमजन किया जाकर वादी व प्रतिवादी संख्या 2 को ब० हि० ब० के खातेदार काश्तकार घोषित किया जाता है व रोही मौजा बालासर के खाता संख्या 154/129 के खसरा नं. 375/316 व 380/326 की कुल तादादी 4.2230 है० भूमि प्रतिवादी संख्या 1 के नाम यथावत रहेगी। इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन करते हुए इजराय प्रार्थना पत्र के संलग्न 500/– रू का स्टाम्प तकमीलन शामिल किया जावें। यदि कृषि भूमि बैंक रहन है तो रहन मुक्त होने के बाद तथा किसी सक्षम न्यायालय आदि का स्थगन आदेश न हो तो उपरोक्तानुसार राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद कर रिकार्ड दुरूस्त करे। खर्चा उभयपक्षकारान अपना अपना वहन करे। इसी आशय की पर्चा डिक्री जारी की जाकर शामिल मिसल की गई। पत्रावली नम्बर से कम की जाकर तरतीब तकमील जाब्ता दाखिल दफ्तर हों।

निर्णय आज दिनांक ....25/05/26 को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

Rahul

(राहुल श्रीवास्तव I.A.S)
उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
एवं सहायक कलक्टर
नोहर

पर्चा डिक्री

न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्डाधिकारी, नोहर जिला हनुमानगढ

पीठासीन अधिकारी का नाम : राहुल श्रीवास्तव (आई0ए0एस0)

प्रकरण संख्या – 301/2026

अनवान : –

1. शिव भगवान पुत्र बेगराज जाति जाट निवासी टीडियासर तहसील नोहर जिला हनुमानगढ़।

– वादी

बनाम्

1. बेगाराम उर्फ बेगराज पुत्र लिखमाराम जाति जाट निवासी टीडियासर तहसील नोहर जिला हनुमानगढ़।
2. मांगीलाल पुत्र बेगराज जाति जाट निवासी टीडियासर तहसील नोहर जिला हनुमानगढ़।
3. गिरदावरी देवी पुत्री बेगराज जाति जाट निवासी टीडियासर तहसील नोहर जिला हनुमानगढ़।
4. रोशनी देवी पुत्री बेगराज जाति जाट निवासी टीडियासर तहसील नोहर जिला हनुमानगढ़।
5. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार (राजस्व) नोहर।।

– प्रतिवादीगण

वाद अन्तर्गत धारा 88 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955
राजस्व वाद संख्या 301 सन 2026 निर्णय दिनांक 25/05/26

आज यह वाद मुझ राहुल श्रीवास्तव उपखण्ड अधिकारी एवं सहायक कलक्टर नोहर के समक्ष वकील वादी श्री रविन्द्र कुमार गोदारा एवं राज पेरोकार की उपस्थिति में निर्णयार्थ/अंतिम निपटारे हेतु प्रस्तुत होने पर वाद वादी साक्ष्य सबूतों तथा प्रतिवादीगण की सहमति के आधार पर साबित होने के कारण वाद वादी मुताबिक अनुतोष डिक्री किया जाता है तथा घोषणा की जाती है कि रोही मौजा टीडियासर तहसील नोहर के जमाबन्दी सम्वत 2077–2080 के खाता संख्या 123/121 के खसरा नं. 344/225 की कुल 5.6400 है० भूमि एवं रोही मौजा बालासर तहसील नोहर के जमाबंदी सम्वत 2070–2073 के खाता संख्या 152/126 के खसरा नं. 465/326 की कुल तादादी 0.7590 है० भूमि उपरोक्त दोनो खातो की भूमि में प्रतिवादी संख्या 1 का नाम कलमजन किया जाकर वादी व प्रतिवादी संख्या 2 को ब० हि० ब० के खातेदार काश्तकार घोषित किया जाता है व रोही मौजा बालासर के खाता संख्या 154/129 के खसरा नं. 375/316 व 380/326 की कुल तादादी 4.2230 है० भूमि प्रतिवादी संख्या 1 के नाम यथावत रहेगी। इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन करते हुए इजराय प्रार्थना पत्र के संलग्न 500/– रू का स्टाम्प तकमीलन शामिल किया जावें। यदि कृषि भूमि बैंक रहन है तो रहन मुक्त होने के बाद तथा किसी सक्षम न्यायालय आदि का स्थगन आदेश न हो तो उपरोक्तानुसार राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद कर रिकार्ड दुरूस्त करे। खर्चा उभयपक्षकारान अपना अपना वहन करे।

यह पर्चा डिक्री आज दिनांक 25/05/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी की गई।

Rahul.

(राहुल श्रीवास्तव I.A.S)
उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
एवं सहायक कलक्टर